गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (GCCI) एनुअल ट्रेड एक्सपो 2025 के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में अनेक प्रकार की व्यवस्था, विकास और ग्लोबल लीडर बनाने की दिशा में भारत आगे बढ़ा है

## गुजरात ग्लोबल इकोनोमी का गेटवे बनकर देश के विकास में बड़ा योगदान कर रहा है

## आज गुजरात ऐसे अनेक क्षेत्रों में पायनियर बना है, जो अगले 25 वर्ष की वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्णय करने वाले हैं

## गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का गुजरात के विकास में अहम योगदान

## युवाओं में उद्यम, साहस और दुनिया के किसी भी कोने में जाकर व्यापार करने का उत्साह भरने का काम GCCI किया है

## GCCI को युवाओं के लिए लघु उद्योगों की परंपरा को स्टार्टअप के साथ जोड़ उसे आधुनिक बनाना चाहिए

## गुजरात में उद्योगों को बिना किसी राजनीतिक दखल के सुविधा व इन्डस्ट्री के अनुकूल वातावरण और बिना हड़ताल वाला एक तंत्र मिलता है

## GCCI ने 'ग्रो बिजनेस एन्ड ट्रान्सफॉर्म गुजरात' के सूत्र को चरितार्थ करने के लिए मेहनत कर सरकार के साथ बेहतरीन संवाद स्थापित किया है

प्रविष्टि तिथि: 10 APR 2025 4:07PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के ऐनुअल ट्रेड एक्सपो 2025 के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने गुजरात के विकास में बेहद अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कस्तूरभाई शेठ के नेतृत्व में गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की नींव रखी गई थी। श्री शाह ने कहा कि चैम्बर ने युवाओं में उद्यम, साहस और दुनिया के किसी भी कोने में जाकर व्यापार करने का उत्साह भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लगातार 75 वर्ष तक चैम्बर ने उस परंपरा को संभाला, सरकार के साथ संवाद बनाए रखा, जनता के हित की चिंता की और प्राकृतिक आपदाओं के समय जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा।

श्री अमित शाह ने कहा कि चैम्बर अपने 75 वर्षों की यात्रा पूरी कर अब 100 वर्ष पूरे करने की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चैम्बर के नेतृत्व को संस्था के 75 वर्ष से 100 वर्ष का रोडमैप प्रोफेशनली तैयार करना चाहिए और गुजरात के विकास के साथ जोड़कर उसे आगे भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात के युवाओं की औद्योगिक साहसिकता का गुण समाप्त न हो और उसे प्रोत्साहन मिले, इसके लिए चैम्बर को योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि MSME हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और अगर देखें तो किसी भी उद्योग ने सालों पहले एक लघु उद्योग के रूप में ही शुरूआत की होगी। श्री शाह ने कहा कि गुजरात के लघु उद्योगों ने देश के औद्योगिक विकास में बहुत अच्छा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्रीज को लघु उद्योगों की परंपरा को स्टार्टअप के साथ जोड़कर और उसे आधुनिक बनाकर, हमारे युवाओं के लिए एक संपूर्ण तंत्र उपलब्ध कराना चाहिए और सरकार, लघु उद्योग और साहसिक युवा के बीच सेतु बनने का काम चैम्बर को करना चाहिए।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में अगर चैम्बर को प्रासंगिक रहना है तो कार्यक्रमों के आयोजन मात्र से बाहर निकलकर उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखने वाले साहसी युवाओं और उद्योगपतियों - तीनों को मदद करने के लिए चैम्बर में एक स्थायी तंत्र बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चैम्बर के पदाधिकारी अगर पेशेवर लोगों के साथ एक तंत्र बनाएं तो अगले 25 वर्ष तक चैम्बर की प्रासंगिकता बनी रहेगी। इसके साथ ही सरकार और नए उद्योगपति, सरकार और युवाओं और सरकार और विकास करने की इच्छा रखनेवाले उद्योगपतियों के बीच सेतु बनने का काम चैम्बर सरलता से कर सकता है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज उद्योग से लेकर तकनीक, आईटी से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर और MSME से स्टार्टअप और पायनियर इन्डस्ट्री तक हर प्रकार के उद्योग का एक प्रकार से सुंदर इन्डस्ट्रियल वातावरण का गुलदस्ता गुजरात में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुजरात में उद्योग लगाने में रुचि रखने वाले लोगों को पता है कि यहां उन्हें बिना किसी राजनीतिक दखल के सुविधा और इन्डस्ट्री के अनुकूल वातावरण और बिना हड़ताल वाला एक तंत्र मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब श्री नरेन्द्र मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तत्कालीन गुजरात सरकार चैम्बर के साथ सार्थक चर्चा करने के बाद व्यापारियों, उद्योगपतियों और लघु उद्योगपतियों की बात सुनकर निर्णय लेती थी। उन्होंने कहा कि श्री भूपेन्द्र पटेल ने उस वातावरण को और मजबूत करने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उस समय नीति बनाई थी कि यदि इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा तो अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो हर नागरिक के जीवन में अपने आप सुविधा आएगी। उन्होंने कहा कि इसी कारण आज गुजरात ग्लोबल इकोनॉमी का गेटवे बनकर देश के विकास में बड़ा योगदान कर रहा है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चैम्बर, 'गुजरात का विज़न – ग्लोबल एम्बिशन' सूत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज शुरू हुए एक्सपो में 300 से अधिक विभिन्न सेक्टर्स और इनोवेशन से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 1949 से चैम्बर ने काम शुरू किया और तब से आज तक गुजरात के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग 75 से अधिक संस्थाएं और ढाई लाख से अधिक छोटे औद्योगिक संगठन चैम्बर के साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि चैम्बर ने 'ग्रो बिजनेस एन्ड ट्रान्सफॉर्म गुजरात' के सूत्र को चरितार्थ करने के लिए मेहनत कर सरकार के साथ बेहतरीन संवाद स्थापित किया है। उन्होंने कहा

कि वायब्रेंट गुजरात की ग्लोबल सफलता में भी चैम्बर की बड़ी भूमिका रही है। श्री शाह ने कहा कि 2001 से 2025 तक भूकंप की त्रासदी से लेकर आज पायनियर इन्डस्ट्रीज का हब बनने वाले गुजरात की यात्रा में चैम्बर की भूमिका को नकार नहीं सकते।

श्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात ने कई क्षेत्रों में पूरे देश में नई शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर की कल्पना गुजरात में हुई, गांव में 24 घंटे बिजली मिलने की शुरूआत गुजरात में हुई, ग्लोबल फाइनेंशियल हब बनने की दिशा में गुजरात ने सबसे पहले पहल की है। उन्होंने कहा कि 2009 में ई-ग्राम प्रोजेक्ट की शुरूआत गुजरात ने की, इन्टर कनेक्टिविटी और डिजिटल सेवाओं को गांव तक पहुंचाने की शुरूआत गुजरात ने की, मातृ मृत्युदर को कम करने की शुरूआत भी गुजरात ने की और यह सब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले लगभग 11 सालों में देश के हर क्षेत्र में अनेक प्रकार की व्यवस्था, विकास और ग्लोबल लीडर बनाने की दिशा में भारत आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में होलिस्टिक, मल्टीडायमेंशनल और Whole of Government अप्रोच के कारण कई उपलब्धियां देश ने हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल ने गुजरात में दृढ़ता से प्रस्थापित करने का काम किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि ऐसे क्षेत्र जो आगामी 25 वर्ष की वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्णय करेगें, उन सारे क्षेत्रों में आज गुजरात पायनियर बन गया है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क कच्छ-गुजरात में बना, सबसे बड़ी ग्रीन फील्ड सिटी-धोलेरा स्मार्ट सिटी गुजरात में बन रही है, दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेसवे सूरत-चेन्नई एक्सप्रेस वे गुजरात से शुरू हो रहा है, भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय हब – गिफ्ट सिटी गुजरात में बना, पहली बुलेट ट्रेन गुजरात से शुरू हुई और पहली नमो भारत रैपिड रेल भी गुजरात से ही है। श्री शाह ने कहा कि एक मजबूत इन्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट का इन्फ्रास्ट्रक्चर, पॉलिसी और इन्डस्ट्री फ्रेन्डली गवर्मेन्ट की अप्रोच मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल जी ने गुजरात को दी है।

*****

**वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2120702) आगंतुक पटल : 21

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English